अब तैयारी करें सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों के निर्देशन में

# दृष्टि IAS / PCS ACADEMY

at a glance...

# Master in Current Affairs

## TOP 10 News Analysis with MCQs

19 OCT. 2023

USEFUL FOR

## IAS | PCS

& other civil services exams



**Sunil Lawania**

(Managing Director)

FF- 23-24, Second Floor, Panchvati Plaza,
Taj Nagri Phase – 2, Fatehabad Road, Agra

1. **इस वर्ष 'आयुर्वेद दिवस' दुनिया भर के 100 देशों में आयोजित किया जायेगा**




- इस वर्ष आयुर्वेद दिवस दुनिया भर के लगभग 100 देशों में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मनाया जाएगा।
- 'वन हेल्थ के लिए आयुर्वेद' की थीम पर 'आयुर्वेद दिवस' का मनाया जाना एक वैश्विक कार्यक्रम होगा और इसे सफल बनाने के लिए आयुष मंत्रालय को देश के सभी मंत्रालयों का सहयोग मिलेगा।
- आयुष मंत्रालय ने 10 नवंबर 2023 को धन्वंतरि जयंती के अवसर पर मनाए जाने वाले 'आयुर्वेद दिवस' के सफल आयोजन के लिए आज विभिन्न मंत्रालयों की एक बैठक बुलाई।

2. **21 अक्तूबर को टीवी - डी1 भरेगा पहली परीक्षण उड़ान, श्रीहरिकोटा से किया जाएगा प्रक्षेपित**



- गगनयान मिशन के तहत टीवी-डी 1 अपने पहली परीक्षण के लिए 21 अक्तूबर को उड़ान भरेगा।
- जिसे सुबह 7 से 9 बजे के बीच श्रीहरिकोटा से भेजा जाएगा।
- हालांकि इस परीक्षण के बाद भी तीन और परीक्षण वाहन मिशन आयोजित होंगे।
- अगले साल भेजा जा सकता है गगनयान गगनयान भारत का पहला अंतरिक्ष मिशन है, इसे अगले साल के आखिर या 2025 की शुरुआत तक भेजा जा सकता है।
- 2024 में मानव रहित परीक्षण उड़ान होगी, जिसमें एक व्योममित्र रोबोट भेज! जाएगा।

3. **दलाई लामा की बहन को मिलेगा पर्ल एस बक पुरस्कार**



- दलाई लामा की छोटी बहन जेत्सुन पेमा को अप्रैल में रैंडोल्फ कॉलेज के पर्ल एस बक पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।
- जेत्सुन पेमा को 18 अप्रैल को एक विशेष समारोह के दौरान पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।
- डोल्फ ने कार्यक्रम के दौरान अपने जीवन के बारे में एक नई वृत्तचित्र साझा करने की भी योजना बनाई है।
- पेमा रैंडोल्फ के पर्ल एस. बक पुरस्कार की सातवीं प्राप्तकर्ता हैं।

4. **ग्रैंडमास्टर रौनक बने वर्ल्ड जूनियर शतरंज चैंपियन**



- भारत के शतरंज खिलाड़ी रौनक साधवानी अंडर-20 वर्ल्ड जूनियर रैपिड शतरंज 2023के चैंपियन बन गए हैं।
- उन्होंने चैंपियनशिप के 11वेंराउंड में 8.5 अंक के साथ जीत दर्ज की है।
- रौनक ने 13 साल की उम्र में 'ग्रैंडमास्टर' की उपाधि प्राप्त की।
- वह इतिहास में 9वें सबसे कम उम्र के शतरंज खिलाड़ी और 'ग्रैंडमास्टर' बनने वाले चौथे सबसे कम उम्र के भारतीय खिलाड़ी हैं।

5. **टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा ICC वनडे रैंकिंग में छठे नंबर पर पहुंच गए**

- 
- टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा ICC वनडे रैंकिंग में छठे नंबर पर पहुंच गए हैं।
- उन्हें चार स्थान का फायदा हुआ है।
- वहीं पाकिस्तानी कप्तान बाबर आजम टॉप पर बने हुए हैं।बुधवार को जारी लेटेस्ट वनडे बैटिंग रैंकिंग के टॉप-10 में भारत के तीन बल्लेबाज शामिल हैं।
- शुभमन गिल दूसरे, रोहित छठे और विराट कोहली वर्तमान रैंकिंग में नौवें नंबर पर हैं।


**ICC वनडे बैटिंग रैंकिंग (टॉप-10 खिलाड़ी)**

| रैंक | बैटर | देश | रेटिंग पॉइंट्स |
|---|---|---|---|
| 1 | बाबर आजम | पाकिस्तान | 836 |
| 2 | शुभमन गिल | भारत | 818 |
| 3 | क्विंटन डी कॉक | साउथ अफ्रीका | 742 |
| 4 | रासी वान डर डसन | साउथ अफ्रीका | 732 |
| 5 | हैरी टेक्टर | आयरलैंड | 729 |
| 6 | रोहित शर्मा | भारत | 719 |
| 7 | डेविड वॉर्नर | ऑस्ट्रेलिया | 712 |
| 8 | डेविड मलान | इंग्लैंड | 711 |
| 9 | विराट कोहली | भारत | 711 |
| 10 | इमाम-उल-हक | पाकिस्तान | 705 |

**6. पंजाब के नवांपिंड सरदारों गाँव को सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गाँव का पुरस्कार मिला**

- 
- पंजाब के गुरदासपुर में स्थित खूबसूरत नवांपिंड सरदारां गांव को हाल ही में केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय द्वारा "भारत का सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गांव 2023" के खिताब से नवाजा गया।
- पांच बहनों ने मिलकर अपने गांव को सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गांव से सम्मानित कराया है।
- सभी अपनी-अपनी पेशेवर जिंदगी में व्यस्त है इसके बावजूद पांच बहनों ने यहां नवां पिंड सरदारां गांव में अपने दो पैतृक आवास के संरक्षण का बीड़ा उठाया ।

**7. भारत और ब्रिटेन ने नई दिल्ली में पहली टू प्लस टू विदेश और रक्षा वार्ता आयोजित की**

- 
- भारत-यूके 2+2 विदेश और रक्षा वार्ता का उद्घाटन नई दिल्ली में हुई, जहां दोनों पक्षों ने व्यापार, रक्षा, स्वास्थ्य सेवा और अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सहयोग पर जोर दिया गया।
- सोमवार को आयोजित भारत-यूके '2+2' विदेश और रक्षा वार्ता, भारत और यूनाइटेड किंगडम के बीच द्विपक्षीय संबंधों में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुई।
- संवाद में दोनों पक्षों ने व्यापार और निवेश, रक्षा, महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों, नागरिक उड्डयन, स्वास्थ्य और ऊर्जा जैसे विभिन्न महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर ध्यान केंद्रित किया।

**8. अरिंदम बागची को संयुक्त राष्ट्र में भारत का स्थायी प्रतिनिधि नियुक्त किया गया**

- 

- विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची को जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र और अन्य अंतरराष्ट्रीय संगठनों में सोमवार को भारत का स्थायी प्रतिनिधि नियुक्त किया गया।
- वह भारतीय विदेश सेवा (आइएफएस) के 1995 बैच के अधिकारी हैं।
- उन्होंने मार्च 2020 में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता के रूप में पदभार संभाला था।

**9. प्रधानमंत्री मोदी का रिलीज हुआ नया गरबा सॉन्ग 'माडी'**



- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गत 15 अक्टूबर 2023 को 'माडी' नाम के एक नए गरबा सॉन्ग को जारी किया है।
- पीएम मोदी ने इस गाने के जरिए लोगों को नवरात्रि जैसे शुभ अवसर की बधाई दी और उनकी सुख-समृद्धि की कामना की।
- नवरात्रि के पहले दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिखे गए गरबा सॉन्ग 'माडी' को रिलीज कर दिया गया है।

**10. भोपाल का महिला थाना पूरे भारत में पहला महिला केंद्रित पुलिस स्टेशन बन गया**




- भोपाल (मध्य प्रदेश) का महिला थाना (महिला पुलिस स्टेशन) पूरे भारत में पहला महिला केंद्रित पुलिस स्टेशन बन गया है जिसे अंतर्राष्ट्रीय मानकीकरण संगठन (आईएसओ 9001:2005 प्रमाणपत्र से प्रमाणित किया गया है।
- इससे प्रमाणपत्र 3 वर्षों के लिए जारी किया जाता है।
- इस प्रमाणन के साथ, महिला थाना भोपाल का दूसरा आईएसओ प्रमाणि पुलिस स्टेशन बन गया है।
- मई 2023 में, मिसरोद पुलिस स्टेशन भोपाल का पहला ISO 9001:2015 प्रमाणित पुलिस स्टेशन बन गया।

## CURRENT AFFAIRS QUIZ

**1. इस वर्ष 'आयुर्वेद दिवस' किस थीम पर आयोजित किया जायेगा?**
(a) 'वन हेल्थ के लिए आयुर्वेद'
(b) 'आयुर्वेद फॉर हेल्थ'
(c) 'हेल्थ एंड आयुर्वेद'
(d) 'वन हेल्थ वन आयुर्वेद'

**2. 21 Oct. को टीवी डी 1 कहां से अपनी पहली परीक्षण उड़ान भरेगा?**
(a) जयपुर
(b) मदुरै
(c) श्रीहरिकोटा
(d) इनमें से कोई नहीं

**3. Pearl s Buk पुरुस्कार किसे दिया जाएगा?**
(a) दलाई लामा
(b) जेत्सुन पेमा
(c) A & B दोनों
(d) इनमें से कोई नहीं

**4. हाल ही में कौन अंडर-20 वर्ल्ड जूनियर रैपिड शतरंज 2023के चैंपियन बन गए हैं?**
(a) रौनक
(b) अर्जुन कल्याण
(c) जी आकाश
(d) इनमें से कोई नहीं

**5. आईसीसी की एक दिवसीय रैंकिंग में भारत का कौनसा खिलाड़ी 6 नंबर पर पहुंच गया है?**
(a) श्रेयस अय्यर
(b) जसप्रित बुमराह
(c) रोहित शर्मा
(d) मोहम्मद शमी

**6. हाल ही में किस राज्य के नवांपिंड सरदारों गाँव को सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गाँव का पुरस्कार मिला है ?**
(a) गोवा
(b) पंजाब
(c) हरियाणा
(d) इनमें से कोई नहीं

**7. हाल ही में भारत और किस देश ने नई दिल्ली में 2+2 वार्ता आयोजित की है ?**
(a) ब्रिटेन
(b) सिंगापुर
(c) इंडोनेशिया
(d) इनमें से कोई नहीं

**8. हाल ही में किसे संयुक्त राष्ट्र में भारत का स्थायी प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है ?**
(a) बी के मोहंती
(b) अरिंदम बागची
(c) आर. कृष्णमूर्ति
(d) इनमें से कोई नहीं

**9. नरेंद्र मोदी जी ने हाल ही किस नाम से गरबा सांग को लॉन्च किया?**
(a) गरबी
(b) माडी
(c) गार्बो
(d) इनमें से कोई नहीं

**10. भारत का प्रथम थाना जिसे (Women Centric Police Stationके लिए) ISO 9001: 2015 सर्टिफिकेट दिया गया है-**
(a) जबलपुर
(b) पूना
(c) भोपाल
(d) इंदौर

| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. | 8. | 9. | 10. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (d) | (c) | (b) | (a) | (c) | (b) | (a) | (b) | (b) | (c) |